भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3233 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026/16 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

लाइटहाउस में पर्यटन

†3233. श्री प्रवीण पटेल:

श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:

श्री दिलीप शइकीया:

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नेविगेशन में सहायता प्रदान करने के अलावा लाइटहाउसों की क्या भूमिका है तथा लाइटहाउस पर्यटन परियोजना की विषय-वस्तु क्या है;

(ख) उक्त परियोजना किस प्रकार समुद्री विरासत के संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है; और

(ग) दीपस्तंभ और दीपपोत महानिदेशालय (डीजीएलएल) द्वारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थल निरीक्षण और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) के साथ समन्वय सहित अंतर्देशीय जलमार्गों पर लाइटहाउस स्थापित करने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): दीपस्तंभ मुख्यतः सुरक्षित एवं कुशल मैरीटाइम नौचालन सुनिश्चित करने के लिए नौचालन हेतु सामुद्रिक सहायता के रूप में कार्य करते हैं। इस मूलभूत कार्य के अतिरिक्त, सरकार दीपस्तंभ पर्यटन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है जो नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता अधिनियम, 2021 की धारा 23 के तहत भारत की समुद्री विरासत को

संरक्षित करने, शैक्षिक प्रोन्नति, सांस्कृतिक व पर्यटन प्रयोजनों के इसके विज़न के अनुरूप है। इस पहल के भाग रूप में दीपस्तंभ प्रौद्योगिकी के विकास और भारत की समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के लिए चैन्ने, महाबलीपुरम, अलापुझा, कन्नूर, मटम, द्वारका व गोपनाथ में दीपस्तंभ संग्रहालय स्थापित किए गए हैं। इस पहल के तहत सरकार के अपने ऐतिहासिक और वास्तुशिल्पीय महत्व को संरक्षित करने के विज़न के रूप में, पूरे देश के 75 प्रतिष्ठित दीपस्तंभ विकसित किए गए हैं। सूची **अनुबंध** में संलग्न है।

दीपस्तंभ और दीपपोत महानिदेशालय (डीजीएलएल) तथा भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (रा.ज.-2) पर दीपस्तंभों के विकास एवं स्थापना के माध्यम से नदी नौचालन सुरक्षा को बढ़ाने तथा पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए दिनांक 08.04.2025 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। राष्ट्रीय जलमार्ग-2 के किनारे दीपस्तंभों की स्थापना हेतु उपयुक्त स्थलों की पहचान के लिए डीजीएलएल एवं आईडब्ल्यूएआई द्वारा संयुक्त निरीक्षण किए गए। स्थल निरीक्षणों के निष्कर्षों के आधार पर नौचालन संबंधी आवश्यकताओं, स्थल तक पहुँच की सुविधा, भूमि की उपलब्धता तथा पर्यटन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए व्यवहार्यता अध्ययन किए गए। इन व्यवहार्यता अध्ययनों के आधार पर, राष्ट्रीय जलमार्ग-2 के किनारे चार स्थलों, नामत: बोगीबील, सिलघाट, पांडु और बिस्वनाथ घाट की पहचान की गई है और दीपस्तंभ स्थापित करने के लिए कार्य आदेश जारी किए गए हैं।

अनुबंध - I

पर्यटन के प्रयोजनार्थ विकसित किए गए 75 दीपस्तंभ की राज्य-वार सूची

क्र.सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	दीपस्तंभ का नाम
1	गुजरात	मांडवी दीपस्तंभ, रावलपीर दीपस्तंभ, सामियानी दीपस्तंभ, ओखा दीपस्तंभ, काच्छीगढ़ दीपस्तंभ, पोरबंदर दीपस्तंभ, मंगरोल दीपस्तंभ, जाफराबाद दीपस्तंभ, जेगरी दीपस्तंभ, अलंग दीपस्तंभ, घोघा दीपस्तंभ, हजीरा दीपस्तंभ, वलसाड खादी दीपस्तंभ, गोपनाथ दीपस्तंभ, वेरावल दीपस्तंभ, द्वारका दीपस्तंभ, उमरगांव दीपस्तंभ।
2	गोवा	अगुआडा दीपस्तंभ,
3	कर्नाटक	ताड़ी दीपस्तंभ, भटकल दीपस्तंभ, कौप दीपस्तंभ, सुरथकल दीपस्तंभ, कुंडापुर दीपस्तंभ।
4	केरल	कन्नूर दीपस्तंभ, पोन्नानी दीपस्तंभ, चेतवई दीपस्तंभ, वाइपिन दीपस्तंभ, अलाप्पुझा दीपस्तंभ, वलियाज़िकल दीपस्तंभ, थंगासेरी दीपस्तंभ, अंजेंगो दीपस्तंभ, विझिंजम दीपस्तंभ, अझिकोड दीपस्तंभ, कडालूर पॉइंट दीपस्तंभ।
5	तमिलनाडु	कन्याकुमारी दीपस्तंभ, कुथेनकुली दीपस्तंभ, मनप्पाड दीपस्तंभ, किलक्करई दीपस्तंभ, धनुषकोडी दीपस्तंभ, पम्बन दीपस्तंभ, कराईकल दीपस्तंभ, मल्लीपट्टिनम दीपस्तंभ, कोडिक्कराई दीपस्तंभ, नागपट्टिनम दीपस्तंभ, पूमपुहार दीपस्तंभ, पुलिकट दीपस्तंभ, मुट्टम पॉइंट दीपस्तंभ, महाबलीपुरम दीपस्तंभ, चैन्ने दीपस्तंभ।
6	आंध्र प्रदेश	रामायपट्टनम दीपस्तंभ, मछलीपट्टनम दीपस्तंभ, अंतरवेदी दीपस्तंभ, सैक्रामेंटो दीपस्तंभ, वकलापुडी दीपस्तंभ, सांतापल्ली दीपस्तंभ, कलिंगपट्टनम दीपस्तंभ, बरुवा दीपस्तंभ, वोडारेवु दीपस्तंभ, पुदीमदका दीपस्तंभ।
7	ओडिशा	गोपालपुर दीपस्तंभ, पुरी दीपस्तंभ, चंद्रभागा दीपस्तंभ, पारादीप दीपस्तंभ, फॉल्स पॉइंट दीपस्तंभ
8	पश्चिम बंगाल	ताजपुर दीपस्तंभ, दरियापुर दीपस्तंभ, सागर द्वीप दीपस्तंभ

9	महाराष्ट्र	उत्तान पॉइंट दीपस्तंभ, कोरलाई फोर्ट दीपस्तंभ, जयगढ़ दीपस्तंभ, रत्नागिरी दीपस्तंभ, वेंगुर्ला पॉइंट दीपस्तंभ, केल्शी दीपस्तंभ
10	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	नॉर्थ पॉइंट दीपस्तंभ, कीटिंग पॉइंट दीपस्तंभ।

*****